Dainik Bhaskar (Indore), 17th August 2026, Page - 06

# आईआईटी : नई वेबसाइट व 2 डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च

## 450 विद्यार्थी क्षमता के आकाश गंगा शिक्षा संकुल का उद्घाटन



भास्कर संवाददाता | इंदौर

आईआईटी इंदौर में 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। ध्वजारोहण के बाद समारोह में 450 से अधिक विद्यार्थियों की क्षमता वाले नवनिर्मित और आईटी-सुसज्जित 'आकाश गंगा शिक्षा संकुल' का उद्घाटन आईआईटी इंदौर के विशिष्ट फैकल्टी सदस्य तथा ट्रिपल आईटी हैदराबाद और आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी के पूर्व निदेशक प्रो. राजीव संगल ने किया।

समारोह में संस्थान के निदेशक प्रो. सुहास जोशी ने तिरंगा फहराया। उन्होंने आईआईटी इंदौर की नई वेबसाइट के साथ आरएंडडी-एमएमएस (एंडोर्समेंट) और सीईआरपी-एरॉल मॉड्यूल का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में प्रो. जोशी ने कहा शैक्षणिक संस्थानों की जिम्मेदारी केवल उत्कृष्ट शोध तक सीमित नहीं है, बल्कि नवाचार और सामाजिक जुड़ाव के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देना है। उन्होंने वास्तविक जीवन की चुनौतियों के लिए किफायती समाधान विकसित करने पर जोर दिया। निदेशक ने दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन की स्वास्थ्य योजनाओं के तहत एम्स नई दिल्ली के सहयोग से विकसित

### नवाचारी विचारों और तकनीक आधारित मॉडलों का प्रदर्शन

समारोह में मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (एमसीटीई), महू के 'फ्लैश बीट्स बैंड' तथा 5वीं बटालियन जम्मू एवं कश्मीर राइफल्स के 'सूरज गोरखा पाइपर और ड्रमर' ने सिम्फनी प्रस्तुति देकर समां बांधा। इसके बाद विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रमुख आकर्षण टेक एक्सपो रहा, जिसमें छात्रों ने नवाचारी विचारों, प्रोटोटाइप और तकनीक आधारित मॉडलों का प्रदर्शन किया। इसने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और समस्या समाधान क्षमता को दर्शाया। कुलसचिव एसपी होता ने भी संबोधित किया। राष्ट्रीय गीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

एआई समाधान 'प्रतिबिंब' और एम्स भोपाल के सहयोग से निर्मित 'प्रतिज्ञा' की जानकारी दी। उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र के लिए '101 कोर्स ऑन एआई फॉर मेडिकल प्रोफेशनल्स एंड डॉक्टर्स' और एम्स रायपुर में स्थापित एआई डिप्लॉयमेंट सेंटर का भी जिक्र किया।